-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शादी समारोह से आभूषण व रुपये चोरी करने व चोरी के आभूषण खरीदने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण व रुपये बरामद।**
- **अभियुक्त द्वारा दिनांक 24.11.2024 की रात्रि को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के सिटी गार्डन मैरिज हॉल मे शादी समारोह के दौरान चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.112024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सिटी गार्डेन मैरिज हॉल में शादी समारोह के दौरान आभूषण व रुपये चोरी करने व चोरी के आभूषण खरीदने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 26.11.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत खिन्नीनाका के रहने वाले सुनील कुमार गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि वह दिनांक 24.11.2024 को कालूकुआं स्थित सिटी गार्डेन मैरिज हॉल में शादी समारोह में गये थे जहां पर जयमाल के दौरान दुल्हन के कमरे में उनकी बहु के रखे पर्स से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आभूषण व नगद रुपये निकाल लिये गये। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की मदद व संदिग्धों से पूछताछ कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 28.11.2024 को चोरी करने वाले अभियुक्त इमरान को कालूकुआं पुल के पास से तथा चोरी के आभूषण खरीदने वाले अभियुक्त गौरव गुप्ता को गूलरनाका से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण व रुपये बरामद किया गया।

बरामदगी-

- 01 मंगलसूत्र पीली धातु (चोरी के)
- 10405 रुपये

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मो0 इमरान पुत्र मो0 वकील निवासी छिपटहरी मक्का मस्जिद के पास थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. गौरव गुप्ता पुत्र राकेश कुमार गुप्ता निवासी गूलरनाका खैराती अली मस्जिद के सामने थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 993//24 धारा 305//331(4)/317(2)/317(5) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 कोतवाली नगर श्री पंकज कुमार सिंह
2. चौकी प्रभारी मण्डी समिति श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी
3. कां0 संदीप सिंह परिहार
4. कां0 जितेन्द्र कुमार